भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 12 मई, 2014

lh&60 cyk dh Qth eBHkMk] Øjrk o vkrd dk ifr'kk/k g] eejk ,Ec'k!

महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले के चामुर्षि तहसील के मुरण्डा–मुरमुरा के बीच कुख्यात सी–60 कमांडों बलों पर 11 मई को बहादुराना हमला करके 7 कमांडों को मौत के घाट उतारकर, 2 को गंभीर रूप से घायल करने वाली पीएलजीए के लाल योद्धाओं का हमारी दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी क्रांतिकारी अभिनदंन के साथ जय–जयकार करती है। शोषक–शासक वर्गो की सेवा व गुलामी में अपनी वर्गीय जड़ों को भुलाकर गढ़चिरोली, गोंदिया की संघर्षरत जनता पर कहर बरपाने वाले सी–60 कमांडो बलों को इस मौके पर हम गंभीर चेतावनी देते हैं कि क्रांतिकारी आन्दोलन व जनता के खिलाफ आक्रामक ढंग से आगे आना बंद नहीं करेंगे तो इससे भी गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ऑपरेशन ग्रीनहंट के खिलाफ, आत्मरक्षा के लिये हमारी पार्टी के नेतृत्व में जारी क्रांतिकारी जनयुद्ध के तहत अपनायी गयी कार्यनीतिक प्रत्याक्रमण अभियान का हिस्सा है, मुरमुरा का हमला। सी–60 कमांडो बलों की क्रूरता एवं उनके आतंक का प्रतिशोध है।

केंद्र–राज्य सरकारों के द्वारा देश की उत्पीड़ित जनता पर थोपे गये नाजायज जंग–ऑपरेशन ग्रीनहंट के चौतरफा हमले के तहत महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, गोंदिया जिलों में जनवरी, 2013 से फरवरी, 2014 तक के 13 महीनों में हमारे 30 से ज्यादा कामरेडों का कत्लेआम किया गया है। महाराष्ट्र के संघर्ष इलाकों में आज गांवों पर हमले, ग्रामीणों की बेदम पिटाई, अवैध गिरफ्तारियां, झूठे केसों में जेलों में सड़ाना, मुठभेड़ों व फर्जी मुठभेड़ों में क्रांतिकारियों व आम जनता की जघन्य हत्याएं करना, महिलाओं पर अत्याचार आदि आम बात हो गयी है। गढ़चिरोली के गोविंदगांव में 6, भटपर में 5, सिंदेसूर में 7, गोंदिया के बेतकाठी में 7 कामरेडों के साथ–साथ गढ़चिरोली के ही मेड्री में 6 महिला कामरेडों की जघन्य हत्या की गई। मेड्री में 6 महिला कामरेडों को पकड़ कर अत्याचार करने के बाद उनकी क्रूरतापूर्वक हत्या की गई। इतना ही नहीं, सी–60 कमांडो बलों ने शहीद हुई हमारी महिला कामरेडों की लाशों के साथ न केवल अभद्र व्यवहार किया बल्कि अश्लील वीडियो क्लिप्पिंग्स बनाकर दुकानों में बेच रहे हैं और गांवों में जबरन प्रदर्शित कर रहे हैं।

सी–60 बलों की इस नीच व शर्मनाक हरकत की तीव्र भर्त्सना करने एवं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करने हम छात्रों, नौजवानों, प्रगतिशील–जनवादी ताकतों, बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं व संगठनों, जन पक्षधर मीडिया कर्मियों का आव्हान करते हैं। हम अपील करते हैं कि वे ऑपरेशन ग्रीनहंट के विरोध में आन्दोलन को तेज करें एवं पार्टी के नेतृत्व में ऑपरेशन ग्रीनहंट के खिलाफ जारी क्रांतिकारी जनयुद्ध की हर संभव मदद करें। अपने अस्तित्व व आत्म सम्मान सहित जल–जंगल–जमीन पर अपने जन्मसिद्ध अधिकार के लिए संघर्षरत पीड़ित–शोषित जनता, खासकर आदिवासी जनता का समर्थन करें।

गुडसा उसेंडी

प्रवक्ता,
दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी
भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)